| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 28.10.2020 | मामले में एक दरख्वास्त बाबत जरिये विड्रोल अपील खारिज करने दि. 22/X/2020 को बाद्देर पेश होने पर मुताबिक आदेश पूर्व निर्धारित तारीख पर आज पत्रावली मुख्यालय जोधपुर पेश हुई। आवेदन मय वकालतनामा शामिल पत्रावली किया गया। | ओमप्रकाश 4070 4393 8134 |
| | अपीलांटगण (1 से 4) मय अधिवक्ता उपस्थित। इनकी शिनाख्त इनके अधिवक्ता ने की और साथ ही न्यायालय हाजा द्वारा इनके I.D proof आधार कार्ड के आधार पर पहचान/शिनाख्त पुख्ता की गई। | आत्माराम 2620 8153 2217 |
| | उत्तरदाता सं. 2 मय अपने अधिवक्ता के उपस्थित। इनकी शिनाख्त अधिवक्ता द्वारा की गई। उपस्थित सभी पक्षकारों के उपस्थिति बाबत हस्ताक्षर/अंगुष्ठ निशान पत्रावली के हाशिये पर सबूत में दर्ज है। | RIT केशी 2690 8522 7797 |
| | अपीलांटगण की तरफ से प्रस्तुत आवेदन बाबत जरिये विड्रोवल अपील खारिज करने का अवलोकन किया। इसकी प्रति वकील रेस्पोडेंट संख्या 1 को दिलाई गई। | दूदाराम 6102 8391 0056 I By me. |
| | आवेदन का सारांश है कि- प्रकरण में अपीलांटान व रेस्पोडेंटान के मध्य अधीनस्थ न्यायालय में राजीनामा हो रखा है एवं अपीलांटान ने अधी० न्यायालय में स्वेच्छा, सहमति व बिना किसी दबाव के राजीनामा किया था। न्यायालय हाजा में हमने अपील प्रस्तुत की है उसे हम चलाना नहीं चाहते हैं क्योंकि और समय से पेश की है एवं हमारे उक्त अपील में वादग्रस्त खसरा नंबरान 59, 246, 321 मौजा "तेमावास" व "रवेड़" के उत्तरदाता गुणेशा की खातेदारी कब्जा काश्त सही है। हम अपीलांटान को संतुष्टि है एवं वादग्रस्त भूमि बाबत कोई तनाजा नहीं है। अपीलांटान भविष्य में वादग्रस्त भूमि में इनके हक हिस्सा संबंधी कोई उज्र एतराज नहीं करेंगे एवं वर्तमान अपील अपीलांटान चलाना नहीं चाहते हैं। एवं स्वेच्छा से जरिये विड्रोल खारिज करवाना चाहते हैं। एवं भविष्य में इस विड्रोवल बाबत कोई उज्र एतराज नहीं करेंगे जिससे हम पाबंद हैं व पाबंद रहेंगे। हमारे आपस में समझाइश हो चुकी है। अधीनस्थ न्यायालय में हम अपीलांटान ने जो राजीनामा विड्रोल पेश किया था जो सही व स्वीकार है, उस बाबत अन्य कहीं पर उज्र एतराज नहीं करेंगे।" अपील के संबंध में प्रस्तुत | (अधिवक्ता अपीलान्ट) अधि. ओमप्रकाश अ.नं. 325309656496 Identified by (के.डी.एस. ...) |

P.T.O

राजस्व अपील अधिकारी
बाड़मेर

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| | | |

आवेदन का उपरोक्त मजमून पढ़कर सुनाया जिसे अपीलार्थी ने सही होना स्वीकार किया और उस पर अपने-2 हस्ताक्षर / अंगुष्ठ निशानात अंकित होना भी स्वीकार किया जिसे सत्यापित किया जाता है, रिकॉर्ड पर लिया जाता है।

मूल वाद सं. 191/2004 सहा. कलक्टर बालोतरा की पत्रावली देखी। मूल वाद में कुल 4 खसरे थे जिनमें से ख.नं. 8 रकबा 23-07 बीघा का दौराने दावा बेचान होने जाने पर क्रेता गुरदास को दि. 1.3.12 को पक्षकार बनाया और दि. 17.6.14 की आदेशिका के मुताबिक वादीगण (अपीलार्थीगण) का इस खसरे पर दावा विड्रा करने की आवेदन स्वीकार होकर दावा ख.नं. 8 के संबंध में विड्रा कर लिया गया। शेष तीन खसरे, जिनका विवरण अपील विड्रा के उपरोक्त हस्तगत आवेदन में है, के संबंध में प्रस्तुत अपील विड्रा करना अपीलार्थीगण ने चाहा है।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि अधीनस्थ न्यायालय में भी वादीगण (अपीलार्थीगण) ने दि. 22-1-18 को दावा विड्रा का आवेदन दिया जिसे स्वीकार कर दावा वादीगण जरिये विड्रोवल खारिज किया गया। अधीनस्थ न्यायालय में प्रस्तुत वाद विड्रोवल का आवेदन पक्षकारान के बीच लोक अदालत की भावना व आपसी समझाइश से राजीनामा होने से पेश किया गया था जिसे स्वीकार किया गया परन्तु वादीगण ने न्यायालय हाजा में अपील की जो नितान्त अनुचित है और न्यायालय का दुरुपयोग होकर समय जाया किये जाने की श्रेणी में है। अपीलार्थी पक्ष का यह व्यवहार और कृत्य किसी भी हालत में उचित नहीं है। इस बाबत रेस्पोंडेंट सं. 1 व उनके वकील की आपत्ति भी हुई है। अपीलार्थीगण को इस व्यवहार से बाज आने की हिदायत दी गई और भविष्य में उनकी कोई आपत्ति या एतराज किसी भी न्यायालय में स्वीकार्य नहीं होगी, उन्हें आगाह किया गया।

न्यायहित में अपीलार्थी पक्ष की ओर से सभी के उपस्थित होकर मय हलफनामा स्वीकार्य अपील विड्रोवल के आवेदन को स्वीकार कर अपील अपीलार्थी सारहीन होने से एवं विड्रोवल से खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर रेकर्ड में जमा हो।

[signature]

राजस्व अपील अधिकारी
बाड़मेर

न्यायालय राजस्व अपील अधिकारी बाड़मेर/जैसलमेर मु. जोधपुर
सत्यमेव जयते